

**WHISPERS IN THE CORRIDORS.COM**
डॉ. सुरेश मेहरोत्रा
नईदुनिया से विशेष अनुबंध के तहत
राजनीतिक, प्रशासनिक व कॉर्पोरेट जगत की खबरें

## राजनीतिक

### • मंत्रिमंडल में फेरबदल के लिए कैरोसेल पोस्ट

**क्या उम्मीद करें :** प्रधानमंत्री मोदी का आगामी मंत्रिमंडल फेरबदल महज एक औपचारिक प्रक्रिया से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने वाला है। सबसे अहम सवाल ये हैं: किसे हटाया जाएगा, किसे नया पोर्टफोलियो मिलेगा और प्रधानमंत्री इसके जरिए क्या राजनीतिक संदेश देना चाहते हैं।

**संभावित परिवर्तन :** कुछ वरिष्ठ नेताओं पर पूरी तरह से नज़र रखी जा रही है, ताकि उन्हें पद से हटाने के बजाय उनकी भूमिकाओं में बदलाव किया जा सके। इस फेरबदल का उद्देश्य जिम्मेदारियों को संतुलित करना, कार्यभार कम करना और नए राजनीतिक संदेशों के लिए जगह बनाना हो सकता है।

**संभावित निकास या भूमिका परिवर्तन :** धर्मेंद्र प्रधान किसी संगठनात्मक भूमिका में जा सकते हैं। निर्मला सीतारमण को नया मंत्रालय मिल सकता है। मनोहर लाल खट्टर को राज्यपाल पद पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

हरदीप सिंह पुरी की जगह भाजपा के किसी अन्य सिख नेता को नियुक्त किया जा सकता है।

**संभावित मंत्री पद :** अनुराग ठाकुर के पूर्ण मंत्री पद के साथ लौटने की संभावना है। श्रीकांत शिंदे के राज्य मंत्री के रूप में पदभार संभालने की संभावना है।

पूर्व टीएमसी (अब नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया) गुट के एक नेता को भी शामिल किया जा सकता है।

**आश्चर्यजनक बदलाव :** अगर नितिन गडकरी को कोई दूसरा मंत्रालय या राज्यपाल पद मिलता है, तो यह सबसे बड़ा चौंकाने वाला समाचार होगा। पीयूष गोयल के वित्त मंत्रालय में जाने की चर्चा चल रही है, लेकिन वाणिज्य में उनके वर्तमान कार्य की प्रशंसा को देखते हुए यह अभी भी असंभव सा लगता है। अश्विनी वैष्णव के कई पोर्टफोलियो में भी कटौती की जा सकती है।

**इसका क्या अर्थ होगा :** हरदीप पुरी की जगह किसी सिख चेहरे को लेना स्पष्ट रूप से राजनीतिक प्रतीकवाद को दर्शाता है। अश्विनी वैष्णव के पोर्टफोलियो में कटौती से एक अधिक सुव्यवस्थित और केंद्रित पोर्टफोलियो संरचना का संकेत मिलता है।

## प्रशासनिक

### • 1994 बैच के आईएएस अधिकारियों में से सबसे अधिक अधिकारी से राजनेता बने

1994 बैच के तीन अधिकारी राजनीति में उतरे हैं। इनमें अश्विनी वैष्णव (ओडिशा कैडर की आईएएस अधिकारी), जो वर्तमान में रेल, सूचना एवं प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी की केंद्रीय मंत्री हैं, अपराजिता सारंगी (ओडिशा कैडर की आईएएस अधिकारी), जो वर्तमान में भुवनेश्वर से सांसद हैं, और असीम अरुण (उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी), जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री हैं, शामिल हैं।

### • विदेश सचिव विक्रम मिसरी को एक साल का विस्तार



विदेश सचिव विक्रम मिसरी को एक वर्ष का सेवा विस्तार मिला है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 14 जुलाई, 2027 तक एक वर्ष के लिए इस विस्तार को मंजूरी दे दी है। 1989 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी मिसरी एक अनुभवी राजनयिक हैं और विदेश सचिव के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर) के पद पर कार्यरत थे।



### • कृष्णा गुप्ता पश्चिम बंगाल के नए राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त

पश्चिम बंगाल के सहकारिता विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव रहे और 30 जून, 2026 को सेवानिवृत्त हुए डॉ. कृष्णा गुप्ता (आईएएस: 1991: पश्चिम बंगाल) को पश्चिम बंगाल का अगला राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज्य चुनाव आयोग राज्य भर में पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है।

### • क्या प्रधानमंत्री कार्यालय युवा मंत्रियों को पदोन्नत करने और राज्य मंत्रियों को सशक्त बनाने की तैयारी कर रहा है?

सूत्रों से संकेत मिलता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय अपने मंत्रिस्तरीय कामकाज में सुनियोजित बदलाव पर विचार कर रहा है, जिसमें सरकार के भीतर युवा नेताओं को सशक्त बनाने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह कदम, जो अभी प्रारंभिक चरण में है, में राज्य मंत्रियों को अधिक परिचालन स्वायत्तता प्रदान करना शामिल हो सकता है, जिनमें से कई वर्तमान में वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों और प्रधानमंत्री कार्यालय की कड़ी निगरानी में कार्य करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार, चुनिंदा मंत्रालयों में केंद्रीय निगरानी के पूर्व मॉडल में ढील दी जा सकती है, जिससे राज्य सचिवों को अधिक महत्वपूर्ण नीतिगत और प्रशासनिक जिम्मेदारियां संभालने की अनुमति मिलेगी। इससे कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य सचिवों, विशेष रूप से उन लोगों को जिन्होंने अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता और राजनीतिक प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया है, को कैबिनेट रैंक में पदोन्नत करने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। यह संभावित पुनर्गठन प्रशासनिक निरंतरता को बनाए रखते हुए शासन में पीढ़ीगत परिवर्तन लाने के व्यापक प्रयास के अनुरूप प्रतीत होता है। इससे केंद्रीकृत अनुमोदनों से जुड़ी बाधाओं को कम करके निर्णय लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने में भी मदद मिल सकती है।

### • सचिन मित्तल को लोकपाल विभाग, पशु चिकित्सा विभाग में संयुक्त सचिव नियुक्त किया

सचिन मित्तल को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत लोकपाल के संयुक्त सचिव के रूप में पांच वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। वे भारतीय डाक सेवा (आईपीओएस) के 2000 बैच के अधिकारी हैं।

### • अमित शुक्ला की प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ी

ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला का केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 1 जून 2026 के बाद एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। वे भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) के 1999 बैच के अधिकारी हैं।

### • प्रो. उमेश वाघमारे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव नियुक्त

एसीसी ने जवाहरलाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र, बेंगलुरु में सैद्धांतिक विज्ञान इकाई के अध्यक्ष और प्रोफेसर उमेश वी वाघमारे को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में सचिव के पद पर 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक के लिए नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

### • हनीफ कुरैशी को केंद्र में एडीजी/एडीजी के समकक्ष पद संभालने के लिए पैनल में शामिल किया

हनीफ कुरैशी को केंद्र में एडीजी/एडीजी के समकक्ष पद के लिए पैनल में शामिल किया गया है। वे हरियाणा कैडर के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

### • एसवाईके मिंज को केंद्र में एडीजी/एडीजी के समकक्ष पद संभालने के लिए पैनल में शामिल किया

केंद्र सरकार में एडीजी/एडीजी के समकक्ष पद के लिए सोलोमन यश कुमार मिंज को पैनल में शामिल किया गया है। वे मध्य प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

## मानसून की सक्रियता से तापमान लुढ़का
# आंधी-बारिश का अलर्ट

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में गुरुवार को मानसून की सक्रियता से गर्मी का असर धीरे धीरे कम हो रहा है। बारिश और आकाश में घने बादलों से तापमान भी लगातार लुढ़कता जा रहा है। राज्य भर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने मानसून के सक्रिय होने से आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**मौसम विभाग लखनऊ के मौसम :** वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, मानसून के पूरे राज्य में छा जाने से पिछले 24 घंटों में कई जगहों पर तेज बारिश हुई है और अगले कुछ दिनों तक यह सिलसिला जारी रहने की संभावना है। वहीं गुरुवार को राजधानी लखनऊ में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। यहां का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ झोंकेदार हवाएं चलने का अनुमान लगाया है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गुरुवार को भारी बारिश के साथ 40 से 50 किमी. की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

**प्रदेश के सभी 75 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 से 48 घंटे पूरे यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में आंधी,



मेघगर्जना के साथ मध्यम बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। इनमें गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, रामपुर, संभल, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, बरेली, पीलीभीत, बदायूं, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, आगरा, मैनपुरी, हरदोई, कन्नौज, इटावा, कानपुर, रायबरेली, उन्नाव, जौनपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली समेत प्रदेश के अधिकांश जिले हैं।

**बहराइच जिले में हुई सबसे ज्यादा बारिश :** मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को बहराइच जिले में सबसे ज्यादा 113 मिमी. बारिश हुई। इसके साथ ही बिजनौर में 95 मिमी. और ललितपुर में 93 मिमी. बारिश दर्ज की गई।

उत्तर प्रदेश में इस साल मानसून करीब 10 दिन की विलंब से पहुंचा है। मानसून ने मंगलवार को सोनभद्र और महराजगंज के रास्ते उत्तर प्रदेश में प्रवेश किया था। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया मानसून आने के बाद फिलहाल लगातार बारिश की संभावना बनी रहेगी।

### रंगोली, पेंटिंग और रेखाचित्र प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**कानपुर ।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग में 'पढ़े बेटी, बढ़े बेटी' एवं 'मां-बेटी' अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को रंगोली, पेंटिंग एवं रेखाचित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और बेटियों के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने कैनवास और रंगों के माध्यम से 'मां-बेटी', 'पढ़े बेटी बढ़े बेटी' और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आकर्षक एवं प्रेरणादायक कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। स्कूल ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स के निदेशक डॉ. मिठाई लाल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ सामाजिक संदेश को भी मजबूत करती हैं।

# बरेली-जेवर हवाई सेवा शुरू
### सांसद ने पहली महिला यात्री को दिया बोर्डिंग पास



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, बरेली :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बरेली और नोएडा (जेवर एयरपोर्ट) के बीच बहुप्रतीक्षित हवाई सेवा शुरू हो गई। बुधवार को पहली उड़ान के साथ बरेली ने उत्तर प्रदेश के उड्डयन मानचित्र पर एक और उपलब्धि दर्ज कर ली। उद्घाटन समारोह में बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने पहली महिला यात्री को पहला बोर्डिंग पास सौंपकर इस नई हवाई सेवा का शुभारंभ किया।

नई उड़ान की शुरुआत को यादगार बनाने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी और विमानन कंपनी ने विशेष आयोजन किया। सांसद छत्रपाल गंगवार, एयरपोर्ट अधिकारियों और कर्मचारियों ने पहली महिला यात्री से केक कटवाया। पहली उड़ान को लेकर यात्रियों और एयरपोर्ट स्टाफ में खासा उत्साह दिखाई दिया और पूरे कार्यक्रम का माहौल उत्सव जैसा रहा।

पहला बोर्डिंग पास मिलने पर महिला यात्री की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि बरेली-नोएडा हवाई सेवा शुरू होने से दोनों शहरों के बीच सफर अब बेहद आसान और तेज हो जाएगा। उन्होंने मुस्कुराते हुए बताया कि यह सिर्फ इस रूट की पहली उड़ान ही नहीं, बल्कि उनके जीवन की भी पहली हवाई यात्रा है। इस खास पल को वह कभी नहीं भूलेंगी।

इस ऐतिहासिक अवसर पर बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल, एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी, कर्मचारी और विमानन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने पहली उड़ान को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया और यात्रियों का स्वागत किया।

## आयु निर्धारण प्रमाण पत्र प्रकरणों का हुआ निस्तारण, पहली बार ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार के दिशा निर्देशन पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा आवेदकों का परीक्षण कर उनके आयु निर्धारण प्रमाण पत्र प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आयु निर्धारण प्रमाण पत्र प्रक्रिया पहले ऑफलाइन थी, जिसे प्रथम बार आनलाइन प्रमाण पत्र के रूप क्रियान्वयन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश ने बताया कि इस सेवा के जिला स्तरीय सक्षम प्राधिकारी उन्हें बनाया गया है। जनहित पोर्टल पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु प्रमाण-पत्र सेवा विशेष परिस्थितियों में नागरिकों को उपलब्ध कराई जाती है। यह सेवा न्यायालय, विभागाध्यक्ष अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी के निर्देश पर आयु निर्धारण हेतु उपयोग में लाई जाती है। मेडिकल बोर्ड में आवेदकों का आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण एवं अभिलेखों का परीक्षण कर नियमानुसार आयु निर्धारण की कार्यवाही संपन्न की जा रही है। मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रस्तुत संस्तुति के आधार पर संबंधित आवेदनों का निस्तारण किया जा रहा है। जनहित पोर्टल के माध्यम से आयु निर्धारण की प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी, समयबद्ध एवं नागरिक हितैषी बनाया गया है। सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण किया जा रहा है।

### सावन माह में श्रद्धालुओं के लिए रोपवे सेवा के संचालन की पूरी संभावना : उपाध्यक्ष

**वाराणसी।** वाराणसी जिले में भारत का पहला अर्बन पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे की सावन माह के साथ ही अगस्त 2026 से शुरुआत होने की संभावना है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बताया कि बाबा विश्वनाथ के श्रद्धालुओं को सावन माह में रोपवे सेवा का अनोखा आनंद मिल सकता है। रोपवे के संचालन के लिए सभी तैयारियां को पूरा कर लिया गया है। वाराणसी कैंट के रेलवे स्टेशन से गोदोलिया चौराहे तक करीब पांच किलोमीटर के बीच महात्मा गांधी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर के बीच रोपवे को चलता हुआ देखा जाएगा।

उपाध्यक्ष ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट किया कि रोपवे का किराया लोगों की बजट में तय किया गया है।

एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक रोपवे मात्र 10 रूपये में प्रति व्यक्ति को पहुंचाने का काम करेगा। वर्तमान समय में रोपवे का ट्रायल कराया गया है और जो अगस्त माह से पूरी तरह से सेवा के लिए तैयार है।

## सड़क किनारे खराब खड़े ऑटो में पीछे से कंटेनर भिड़ा, चालक समेत पांच घायल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को सरसौल फ्लाईओवर पर तकनीकी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़े ऑटो में पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया। बाद में क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया गया।

जानकारी के अनुसार ऑटो में तकनीकी खराबी आने के बाद चालक ने उसे फ्लाईओवर पर सड़क किनारे रोक दिया था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कंटेनर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो पलट गया, जबकि कंटेनर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। दुर्घटना में ऑटो चालक उमेश, शिव बहादुर, रश्मि, श्रीपाल



और अरविंद घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसौल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। टक्कर के कारण कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस और एनएचएआई की टीम ने क्रेन की सहायता से ऑटो और कंटेनर को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

### ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबकर 14 वर्षीय किशोर की मौत

**अलीगढ़:** गुरुवार को 14 साल के लड़के की ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबकर मौत हो गई। इस पर लोगों में गुस्सा भड़क गया। शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। गेहूं से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को फूंक दी।

सूचना पाकर पहुंचे फायरकर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की। लेकिन परिजन एक करोड़ का मुआवजा और आरोपी ड्राइवर की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ रहे। पुलिस अफसरों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को खदेड़ा। घटना जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर चंडौस कस्बे में शाम 4:10 बजे की है। मृतक की पहचान वंश प्रताप (14) पुत्र कालीचरण के रूप में हुई।


**OFFICE OF THE
SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI
VIDISHA, District : VIDISHA**

No./Nirman/26-27/567 Dated : 01.07.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from Contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of **Work 01. CONSTRUCTION OF C.C. ROAD AND CONVERSION OF OPEN AUCTION PLATFORM TO COVERED AUCTION PLATFORM AT NEW MANDI YARD VIDISHA.** Tender Number : 2026_MPSAM_518977_1 **(PAC amount Rs. 588.12 Lakh), Work 02. CONSTRUCTION OF PARKING SHED AT NEW MANDI YARD VIDISHA.** Tender Number : 2026_MPSAM_518978_1 (PAC amount Rs. 39.34 Lakh), **Work 03. CONSTRUCTION OF R.C.C. DRAIN AT NEW MANDI YARD VIDISHA.** Tender Number : 2026_MPSAM_518980_1 (PAC amount Rs. 42.80 Lakh), The following works Tender to be received Online up to 5:30 PM on Dated 27.07.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note:** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction /Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/126688/2026 **SECRETARY**



**कार्यालय, प्रधानाचार्य/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय
यूनानी महाविद्यालय/चिकित्सालय**
(कोलार-नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल)
Web. : www.gumcbhopal.in, E-mail : gumcbhopal@gmail.com, Ph. : 0755-2970354
क्रमांक/क्रय/2026/3433 भोपाल, दिनांक : 25.06.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालय भोपाल में निम्नलिखित निविदाओं के आमंत्रण हेतु विभिन्न फर्मों को सूचित किया जाता है :-

| क्र. | निविदा का प्रकार | पोर्टल का नाम | ई-निविदा प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | ई-तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्थानीय महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय में पेंशनर्स एवं चिकित्सा गारण्टी योजनान्तर्गत यूनानी औषधि प्रदाय करने की ई-निविदा | MP Tender gov.in | 22.07.2026 सायं 05.00 बजे | 23.07.2026 सायं 06.00 बजे |
| 2. | स्किल लैब, अमराजे जिल्द यूनिट विस्तार, चिकित्सालयीन सामग्री एवं अन्य फर्नीचर संबंधी कार्य हेतु ई-निविदा | MP Tender gov.in | 22.07.2026 सायं 05.00 बजे | 23.07.2026 सायं 06.00 बजे |
| 3. | स्थानीय महाविद्यालय में पुस्तकों की आपूर्ति की ई-निविदा | MP Tender gov.in | 22.07.2026 सायं 05.00 बजे | 23.07.2026 सायं 06.00 बजे |
| 4. | स्थानीय महाविद्यालय, चिकित्सालय एवं महिला छात्रावास में आवश्यकतानुसार मैन्टेनेन्स कार्य की तृतीय ई-निविदा | MP Tender gov.in | 22.07.2026 सायं 05.00 बजे | 23.07.2026 सायं 06.00 बजे |
| 5. | स्थानीय महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल नवीनीकरण की ई-निविदा | MP Tender gov.in | 22.07.2026 सायं 05.00 बजे | 23.07.2026 सायं 06.00 बजे |
| 6. | स्थानीय महाविद्यालय से सम्बद्ध चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की भोजन व्यवस्था हेतु किराना सामग्री की आपूर्ति की ई-निविदा | MP Tender gov.in | 22.07.2026 सायं 05.00 बजे | 23.07.2026 सायं 06.00 बजे |

**नोट :-** विस्तृत विवरण निविदा प्रारूप एवं नियम शर्तें **mptenders.gov.in** एवं संस्थान बेवसाइट **www.gumcbhopal.in** पर उपलब्ध हैं। किसी भी प्रकार का आंशिक संशोधन संस्था की बेवसाइट **www.gumcbhopal.in** पर प्रदर्शित किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/126691/2026 **प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**



**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-108-2026, दिनांक: 26/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में सतना-रीवा एवं कटनी-मानिकपुर खंड पर ठेकेदार की पीक्यूआरएस मशीन से तथा अनिवार्य स्थानों पर मैनुअल विधि से सीटीआर 33.109 कि.मी. एवं टीएसआर 33.396 कि.मी. (कुल 66.505 कि.मी.) तथा सतना-रीवा एवं कटनी-मानिकपुर खंड पर टीआरआर 16.75 कि.मी., टीएफआर 5.00 कि.मी. एवं टीएफआर (केवल R-रबर पैड) 30.014 कि.मी. का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹15,64,78,400/- **बयाना राशि:** ₹ 31,29,600/- **समापन अवधि:** 12 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-109-2026, दिनांक: 29/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत झुकेही स्टेशन पर वर्तमान गैर-मानक प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 एवं 3 को मानक उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म में परिवर्तित करने हेतु ऊँचा करने का कार्य। (कार्य का भाग: झुकेही, जैतवारा तथा टिकरिया स्टेशनों पर कुल 6 प्लेटफॉर्मों को रेल स्तर/ निम्न स्तर से उच्च स्तर तक ऊँचा करने का कार्य।) **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹4,96,41,281/- **बयाना राशि:** ₹ 9,92,800/- **समापन अवधि:** 12 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-110-2026, दिनांक: 30/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कटनी-सिंगरौली सेक्शन में ट्रैक संरचना में सुधार एवं रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹2,58,75,384/- **बयाना राशि:** ₹ 5,17,500/- **समापन अवधि:** 12 माह **(4) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-111-2026, दिनांक: 30/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** भाग-A: सहायक मंडल अभियंता, जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में एल.सं.एस.एच. 326, 329, 339 एवं 341 पर जल निकासी व्यवस्था एवं हाइट गेज की व्यवस्था का कार्य। भाग-B: जबलपुर मंडल में 12 स्थानों पर कुल (स्टील गर्डर सहित) 24 नग सैक्रिफिसिअल हाइट गेज स्थापित कराने का कार्य। भाग-C: जबलपुर मंडल में 5 स्थानों पर स्थापित गैरमानक-हाइट गेज के स्थान पर कुल 10 नग मानक हाइट गेज का प्रतिस्थापन कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹7,47,73,419/- **बयाना राशि:** ₹ 14,95,500/- **समापन अवधि:** 12 माह **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4 के लिए तिथि- 24.07.2026 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4 व के लिए तिथि- 24.07.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


## आपका राशिफल 03 जूलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक 5 6 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक 5 7 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख आनंद कारक समय है। शुभांक 4 7 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9